दैनिक भास्कर
अजमेर 13-06-2025

# हिंदुस्तान जिंक: कौशल केंद्र कायड़ में नया बैच शुरू, अब तक 1400 को ट्रेनिंग

अजमेर | हिंदुस्तान जिंक द्वारा संचालित जिंक कौशल केंद्र, कायड़ में नए कौशल प्रशिक्षण कस्टमर रिसोर्स मैनेजमेंट बैच का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय कृषि-ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के साथ मिलकर यह पहल की गई। उद्देश्य युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। बैच में 25 युवाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया है। उद्घाटन समारोह में नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक रुबीना बानो व बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रमुख विकास प्रबंधक संजय कुमार सिंह, जिंक कौशल आगुचा हेड विनीत कल्ला सहित प्रमुख नागरिक उपस्थित थे। अब तक जिंक कौशल केंद्रों से 1400 से अधिक युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जो औसतन 10-30 हजार प्रति माह वेतन कमा रहे हैं। केंद्र 18-35 वर्ष की आयु के युवाओं को सीआरएम-बीपीओ, सहायक इलेक्ट्रीशियन, माइक्रो फाइनेंस एकजीक्यूटिव, बीसीबीएफ के लिए अल्पकालिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है।